नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ....................

दिनांक : 29.08.2018

### प्रकाशनार्थ

सप्ताह में एक दिन कक्षाएं छात्र–छात्राएं पढ़ायेंगे। प्रोजेक्टर युक्त कक्षाओं की संख्या बढ़ेंगी। तीसरे तल पर एक्जास्ट फैन लगवायेंगें, छात्राओं के लिए अलग शुद्ध पेय जल एवं उपलब्ध वाटर कूलरों की संख्या बढ़ाई जायेगी, पुस्तकालय में सभी विषयों की पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध करायी जायेगीं तथा क्रीड़ा सुविधाएं बढ़ायी जायेंगी। प्रतिदिन कक्षाओं में सारांश मिलता रहेगा। पाठ्यक्रम पूर्ण होंगे। बजट का 40 प्रतिशत अकादमिक कार्यों पर, 20 प्रतिशत सांस्कृतिक गतिविधियों पर तथा 20 प्रतिशत क्रीड़ा पर खर्च होगा। पुस्तकालय अद्यतन प्रकाशित पुस्तकों, प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकों, शोध पत्र–पत्रिकाओं का विकसित केन्द्र होगा, प्रयोगशालाएँ अद्यतन तकनीकी सुविधाओं से लैस होगी। स्वैच्छिक श्रमदान में छात्रसंघ सहभागी होगा। ये वादे महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के छात्रसंघ चुनाव के **योग्यता भाषण** में प्रत्याशियों ने किये। योग्यता भाषण में उपस्थित विद्यार्थियों की तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहित हो रहे सभी प्रत्याशियों ने अपने–अपने अन्दाज में अपनी बात रखी तथा अपने लिए समर्थन माँगा। योग्यता भाषण में **अध्यक्ष पद** के लिए मयंक तिवारी व विवेक कुमार विश्वकर्मा ने **उपाध्यक्ष पद** के लिए सुशील चन्द ओझा, विशाल कुमार दूबे ने **महामंत्री पद** के लिए दिव्यांशु रंजन, सुनील कुमार सिंह, पंकज कुमार यादव तथा **पुस्तकालय मंत्री पद** हेतु नीलेश नन्द तथा अंकित कुमार पाण्डेय ने अपने लिए मतदान करने की अपील की। संचालन चुनाव अधिकारी श्री नन्दन शर्मा ने किया।

इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव तथा चुनाव अधिकारी श्री नन्दन शर्मा ने प्रातः 10:30 बजे से सभी प्रत्याशियों के सभी पर्चो की जॉच की। सभी पर्चे वैध पाये गये, तत्पश्चात् सभी प्रत्याशियों को अपराह्न 01:30 बजे योग्यता भाषण के लिए आमन्त्रित किया गया क्योकि महाविद्यालय में योग्यता भाषण ही प्रचार का एक मात्र माध्यम है। इस प्रकार **अध्यक्ष पद पर 2 उपाध्यक्ष पद पर 2 तथा महामंत्री पद पर 3 तथा पुस्तकालय मंत्री पद हेतु 2 प्रत्याशी** चुनाव मैदान में हैं। मतदान कल प्रातः 8:30 प्रारम्भ होगा। प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधि प्रातः 8:00 बजे तक कालेज परिसर में उपस्थित होंगें। श्री नन्दन शर्मा ने बताया कि चुनाव की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। कुल तीन मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जा सकेंगें। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले प्रत्याशियों की प्रत्याशिता आरोप सिद्ध होने पर तुरन्त समाप्त कर दी जायेगी।

(डॉ. राजेश शुक्ला)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी